# मुलाजिमों की हुंकार से गर्माया दून का माहौल



मुख्य सचिव के आदेशों की प्रतियां जलाते उत्तराखंड सचिवालय समीक्षा अधिकारी संघ के पदाधिकारी। अमर उजाला



परेड ग्राउंड धरना स्थल में आमरण अनशन करते पॉलीटेक्निक संविदा शिक्षक संघ के सदस्य।



राजकीय एजेंसी में समायोजित करने के लिए शिक्षा निदेशालय में प्रदर्शन करते आउटसोर्स कर्मी। अमर उजाला

### समीक्षा, सहायक समीक्षा अधिकारी संघ के साथ शासन की बैठक

## नए अनुभागों का सृजन नहीं

**मुख्य सचिव ने कहा, अन्य मांगों पर हो सकता है विचार**

**संघ ने जवाब देने के लिए बृहस्पतिवार तक का समय मांगा**

अमर उजाला ब्यूरो

**देहरादून।** समीक्षा व सहायक समीक्षा अधिकारी संघ के साथ वार्ता में शासन ने स्पष्ट कर दिया है कि सरकार किसी भी हाल में अनुभाग बढ़ाने की स्थिति में नहीं है।

यह भी तर्क दिया गया कि जो अनुभाग नए बने हैं वे भी अब तक क्रियाशील नहीं हैं। हालांकि मुख्य सचिव ने कहा कि शेष मांगों पर गंभीरता से विचार करने के लिए शासन तैयार है। शासन की ओर से दिए गए प्रस्ताव का जवाब देने के लिए संघ ने बृहस्पतिवार तक का समय मांगा है।

संघ के महामंत्री जोशी ने बताया कि वार्ता सकारात्मक रही है, जब तक मांगें पूरी नहीं होंगी तब तक आंदोलन जारी रहेगा। पिछले कई दिनों से समीक्षा व सहायक समीक्षा अधिकारी संघ अपनी मांगों को लेकर आंदोलनरत है। इसी के मद्देनजर मुख्य सचिव सुभाष कुमार ने संघ के पदाधिकारियों को वार्ता के लिए बुलाया था।

बैठक में अपर मुख्य सचिव राकेश शर्मा, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री सुखबीर सिंह संधू, सचिवालय प्रशासन विभाग के सचिव प्रयाग सिंह जंगपांगी के अलावा संघ अध्यक्ष सतीश चंद सती, महासचिव दीपक जोशी समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

### अनशनकारी का स्वास्थ्य बिगड़ा

**देहरादून।** पॉलीटेक्निक संविदा शिक्षकों का लंबित मांगों को लेकर आमरण अनशन बुधवार भी जारी रहा। बुधवार पुलिस ने एक अनशनकारी संदीप गुनियाल का स्वास्थ्य बिगड़ने पर उसे अनशन स्थल से उठाकर कोरोनेशन अस्पताल पहुंचाया। वही अरंविद रावत, ऋतुराज गडिया, सुनित कुमार व गौरव भट्ट का अनशन जारी है। अनशनकारियों का कहना है कि मांगों पर अमल न होने तक आंदोलन जारी रहेगा।

### आज भी वकीलों का कार्य बहिष्कार

**देहरादून।** रजिस्ट्री ऑनलाइन करने के विरोध में वकीलों ने दूसरे दिन भी सब रजिस्ट्रार कार्यालय का बहिष्कार किया। बृहस्पतिवार को भी आम सभा होने के कारण अधिवक्ता काम से विरक्त रहेंगे।

### सेवा विस्तार के लिए धरना जारी

**देहरादून।** आउटसोर्सिंग कार्मिक संघ का सेवा विस्तार करने की मांग को लेकर शिक्षा निदेशालय में धरना बुधवार भी जारी रहा। बुधवार धरने पर बैठे संघ कर्मचारियों ने कहा कि सरकार के आश्वासन के बावजूद उनकी मांगों की लगातार अनदेखी की जा रही है। प्रदर्शन कर धरना देने वालों में अध्यक्ष सुभाष लखेड़ा, बीपी सती, जगत सिंह, राणा, योगेंद्र बडोनी, अमित, शालिनी, मधु, रेखा आदि शामिल थे।

### संविदा कर्मियों ने किया यज्ञ

**देहरादून।** ओएनजीसी अस्पताल से हटाए गए पैरा मेडिकल संविदा कर्मचारी बुधवार को छठे दिन भी धरने पर रहे। बुधवार को संविदाकर्मियों ने अस्पताल के गेट पर विरोध स्वरूप प्रबंधन की बुद्धि-शुद्धि के लिए यज्ञ किया। कई सालों से ओएनजीसी अस्पताल में संविदा पर कार्यरत 41 कर्मचारियों को प्रबंधन ने पिछले दिनों हटा दिया था। इससे कर्मचारियों में रोष व्याप्त है। कर्मचारियों का कहना है कि उनकी जगह प्रबंधन नई नियुक्ति कर रहा है। ऐसे में उनके सामने रोजी रोटी का संकट खड़ा हो गया है। बुधवार को धरने पर रतनलाल, रमेश लाल, विमल चंद्रा, नितिन, दीपक, मेहरबान नेगी, पवन हुड्डा, अरुण, महेश आदि थे।

### मुख्य सचिव से मिले कर्मी

**देहरादून।** उत्तराखंड राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कर्मचारी संघ का प्रतिनिधिमंडल प्रांतीय महामंत्री रविंद्र सिंह चौहान और राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष प्रहलाद सिंह के नेतृत्व में मंगलवार को सीएम हरीश रावत से मिला था। कर्मचारियों से बात करने के बाद सीएम ने 15 दिन के भीतर वेतन विसंगति प्रकरण का निस्तारण करने के मुख्य सचिव को निर्देश दिए। वहीं बुधवार को प्रतिनिधिमंडल प्रदेश महामंत्री रविंद्र चौहान के नेतृत्व में मुख्य सचिव से मिला। संगठन ने उन्हें अवगत कराया कि समान वेतन पर विभाग में अनुदेशक से कार्यदेशक पद पर पदोन्नति दी जा रही है, जिसका कोई आधार नहीं है। संघ के प्रतिनिधि विभागीय मंत्री हरीशचंद्र दुर्गापाल से भी मिले।

### संग्रह अमीनों को मिला संयुक्त परिषद का साथ, मुख्य सचिव से वार्ता आज

**देहरादून।** संग्रह अमीनों के आंदोलन को राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने समर्थन दिया है। नायब तहसीलदार सेवा नियमावली में संग्रह अमीन संवर्ग का पदोन्नति कोटा बहाली करने समेत चार सूत्री मांगों पर कर्मचारी नेताओं ने बुधवार को मुख्यमंत्री से भी मुलाकात की। राज्य कर्मचारी परिषद के प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर प्रह्लाद सिंह ने बताया कि पिछले साल परिषद के आंदोलन में संग्रह अमीनों का भी मुद्दा शामिल था। परिषद का प्रतिनिधि मंडल बृहस्पतिवार को मुख्य सचिव से वार्ता करेगा। इसके बाद आगे की रणनीति तय की जाएगी। उधर, संग्रह अमीनों को धरना बुधवार को छठे दिन भी जारी रहा। घरना स्थल पर हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि मांगें पूरी होने तक आंदोलन जारी रहेगा। धरने में वीरेंद्र सिंह सजवाण, जितेंद्र शर्मा, धर्मेंद्र राही, विनोद शर्मा, जयचंद, उदयवीर रावत, सत्यप्रकाश गौड़ और विभिन्न जिलों के संग्रह अमीन शामिल रहे।

### चतुर्थ कर्मियों ने किया हड़ताल का ऐलान

**देहरादून।** उत्तराखंड चतुर्थ वर्गीय राज्य कर्मचारी संघ (शिक्षा विभाग) ने सरकार पर लंबित मांगों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए हड़ताल पर जाने का ऐलान किया है। संघ के प्रांतीय महामंत्री गुमान सिंह पंवार और कोषाध्यक्ष जयकृत सिंह कठैत ने कहा कि मांगों को लेकर सीएम से वार्ता हुई है, लेकिन उन्हें कोई ठोस आश्वासन नहीं मिल पाया है। यदि शीघ्र मांगे न मानी गई तो आंदोलन को बाध्य होंगे।

## जिला कैडर समाप्त किया जाए

अमर उजाला ब्यूरो

**देहरादून।** उत्तराखंड मातृ शिशु एवं परिवार कल्याण महिला कर्मचारी एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री के सामने जिला कैडर समाप्त करने और रिक्त पदों पर नियुक्ति समेत विभिन्न मांगें रखी। मुख्यमंत्री हरीश रावत ने मांगों पर अमल के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। एसोसिएशन की प्रांतीय अध्यक्ष गुड्डी मटूड़ा के नेतृत्व में सीएम से मिले प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि शासन में बैठे अधिकारी उनकी मांगों को कभी गंभीरता से नहीं लेते हैं। इससे महिला स्वास्थ्य कर्मचारियों में आक्रोश है। ज्ञापन में एसोसिएशन ने स्वास्थ्यकर्मियों का जिला कैडर समाप्त करने, महिला स्वास्थ्यकर्मियों के रिक्त पदों पर नियमित नियुक्ति देने, राज्य में मृत घोषित 910 पदों पर महिला स्वास्थ्यकर्मियों का समायोजन करने, केंद्र सरकार के मानक के अनुसार चार महिला स्वास्थ्यकर्मियों पर एक महिला पर्यवेक्षक बनाने, महिला स्वास्थ्यकर्मियों का वेतनमान 4200 रुपये करने आदि मांगें की। प्रतिनिधिमंडल में शशि देवी, विजया जोशी, हरकमल बिष्ट आदि शामिल थे।

### वार्ता विफल रही तो होगी हड़ताल

**देहरादून।** तीनों ऊर्जा निगमों के आठ संगठनों के संयुक्त मोर्चा पदाधिकारियों की प्रबंधन से विभिन्न मांगों पर बृहस्पतिवार को वार्ता होनी है। मोर्चा ने चेतावनी दी है कि अगर प्रबंधन ने मांगों पर सकारात्मक रुख नहीं दिखाया तो उन्हें हड़ताल पर जाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

ऊर्जा के तीनों निगमों के एकीकरण, भ्रष्टाचार के आरोपी ऊर्जा निगम के प्रबंध निदेशक पर लगे आरोपों की उच्च स्तरीय जांच कर कार्रवाई करने, निगम कर्मियों का उत्पीड़न रोकने समेत विभिन्न मांगों को लेकर विद्युत अधिकारी कर्मचारी संयुक्त संघर्ष मोर्चा ने 11 और 12 अगस्त की मध्य रात्रि से हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी है। इस बीच ऊर्जा निगम, पिटकुल और यूजेवीएनएल प्रबंधन की ओर से मिले वार्ता के न्यौते पर आठ संगठनों के संयुक्त मोर्चा ने कर्मियों की मांगों को पुरजोर तरीके से रखने का निर्णय लिया है। मोर्चा के पदाधिकारी एपी अमोली और केआर कश्यप ने कहा कि अगर वार्ता सकारात्मक नहीं रही तो हड़ताल की जाएगी। **ब्यूरो**

## अब भूख हड़ताल पर बैठेंगे पीआरडी जवान

अमर उजाला ब्यूरो

**देहरादून।** प्रांतीय रक्षक दल हित संगठन के जवानों का धैर्य जवाब देने लगा है। तीन साल में मांग पूरी नहीं होने से नाराज पीआरडी जवानों ने 18 अगस्त से भूख हड़ताल पर जाने का ऐलान किया है। हिंदी भवन में बुधवार को पत्रकार वार्ता में प्रांतीय रक्षक दल हित संगठन के प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद कुमार मंद्रवाल ने कहा कि पीआरडी जवान उत्तराखंड के हर सरकारी और अर्द्धसरकारी विभागों में काम कर रहे हैं। शासन के साथ 2005, 2006 में कई दौर की वार्ता भी हुई, जिसमें लिखित समझौते किए गए थे। 2012 और 2013 में पीआरडी जवान 123 दिन के धरने पर बैठे, जिसके बाद पांच सितंबर 2013 को पीआरडी निदेशक अजय प्रद्योत ने वार्ता के लिए बुलाया। 15 दिन में पांचों मांग पूरी किए जाने का आश्वासन दिया। लेकिन अभी तक कुछ नहीं हुआ।

पीआरडी विभाग में उत्तराखंड के मूल निवासियों को वरीयता दिए जाने के संबंध में शासनादेश पर भी अमल नहीं हो सका है। इस दौरान पदम सिंह भंडारी, अनीता रावत, रमेश पंवार, अरविंद सिंह, शीश राम, राजपाल सिंह, वीर सिंह रावत आदि मौजूद थे।



**ये हैं मांगें**

- >> पीआरडी एक्ट में संशोधन कर जवानों को नियमित किया जाए।
- >> पीआरडी का अलग ढांचा हो, कंपनी एवं बटालियन बनाई जाए।
- >> ड्यूटी के दौरान मौत पर 10 लाख बीमा और परिवार के किसी सदस्य को नौकरी दी जाए।
- >> भर्ती व सेवानिवृत्त आयु और शैक्षिक योग्यता निर्धारित की जाए।
- >> जवानों को सेवानिवृत्त होने के समय एक मुश्त धनराशि दी जाए।
- >> पीआरडी विभाग में उत्तराखंड के मूल निवासियों को मिले वरीयता।

### परिवहन निगम मुख्यालय पर धरना 21 को

**देहरादून।** उत्तरांचल रोडवेज कर्मचारी यूनियन ने उत्तराखंड परिवहन निगम में समझौते के विपरीत चालकों, परिचालकों के लिए बाहरी एजेंसी नियुक्त करने और लंबित मांगें पूरी न होने पर 21 को मुख्यालय पर धरना देने की चेतावनी दी है। महामंत्री अशोक कुमार चौधरी ने कहा कि 20 अगस्त तक निगम द्वारा एजेंसी नियुक्त करने का निर्ण य वापस न लेने पर 21 को परिवहन निगम मुख्यालय में धरना दिया जाएगा। **ब्यूरो**

## न्यूज डायरी

### सेवादल ने विजय तिलक यात्रा निकाली



**देहरादून।** जिला कांग्रेस सेवा दल ने विजय तिलक यात्रा निकाल कर बीजापुर गेस्ट हाउस में मुख्यमंत्री हरीश रावत को बधाई दी। यात्रा हरिद्वार से शुरु हुई थी। हरकी पौड़ी हरिद्वार से गंगा जल और 51 किलो का लड्डू का लेकर सेवा दल के कार्यकर्ता और पार्टी नेता पहले कांग्रेस भवन आए, फिर बीजापुर गेस्ट हाउस गए। मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं से कहा कि पार्टीजन गांव-गांव जाएं और सरकार की नीतियां जनता को बताएं। लोगों से उनकी समस्याएं पूछें और सरकार को बताएं जिससे जनता की दिक्कतों का हल निकल सके। कार्यकर्ता जनता और सरकार के बीच सेतु बनें। यात्रा संयोजक राजेश रस्तोगी थे। इस मौके पर मुख्यमंत्री के मीडिया प्रभारी सुरेंद्र कुमार, धर्मपाल सिंह, मनोहरलाल शर्मा, राजेंद्र शाह आदि रहे।

### मेयर से की मुलाकात

**देहरादून।** शहर में सफाई, आयुर्वेद और यूनानी औषधालयों के जीर्णोद्धार, सर्वदलीय बैठक बुलाकर शीघ्र सर्वमान्य हाउस टैक्स नीति बनाने, सभी वार्डों में सम्मिलित गांवों में एडीबी के विचाराधीन सीवर लाइनों का विस्तार तेज करने और शहर की धरोहरों को संरक्षित करने सहित 11 मांगों पर माकपा कार्यकर्ताओं ने मेयर विनोद चमोली से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल में जिला सचिव सुरेंद्र सिंह सजवाण, लेखराज, अनंत आकाश, शंभू प्रसाद ममगाईं, संतोष श्रीवास्तव, शार्दुल पंवार, नूरैसा अंसारी, गगन गर्ग आदि मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय सचिव बनने पर अभिनंदन

**देहरादून।** इलेक्ट्रो होम्योपैथी मेडिकल एसोसिएशन ने डा. केपीएस चौहान का इलेक्ट्रो होम्योपैथिक रिसर्च एंड डेवलपमेंट आर्गेनाइजेशन ऑफ इंडिया का राष्ट्रीय सचिव बनाए जाने पर अभिनंदन किया। पटेलनगर स्थित एक होटल में आयोजित कार्यक्रम में महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष सुशीला बलूनी ने कहा कि जिन इलेक्ट्रो होम्योपैथिक चिकित्सकों का क्लीनिकल इस्टेब्लिशमेंट एक्ट के तहत पंजीकरण नहीं हुआ है, वह जल्द करें। कार्यक्रम में डा. विनोद सम्राट, डा. मुकेश चौहान, डा. एसएस प्रजापति, डा. एस. शर्मा, डा. निशा शर्मा, डा. एसपी डोभाल, डा. गणेश मेवाड़ी, डा. एनएस टाकुली आदि मौजूद रहे।

### शिविर में 22 ने किया रक्तदान

**देहरादून।** श्री गुरुराम राय पीजी कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, रेड रिबन क्लब और ब्लड बैंक श्री महंत इंदिरेश अस्पताल की ओर से बुधवार को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 22 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। इस मौके पर एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डा. आरपी सेमवाल, ब्लड बैंक के संयोजक डा. अमित चंदा, डा. बीएस भारद्वाज, डा. अनीता, डा. पूनम शर्मा, डा. हितेंद्र कुमार आदि उपस्थित थे।

### माइंड्सप्री में दिखाई छात्रों ने प्रतिभा



**देहरादून।** सेंट ज्यूड्स स्कूल में तीन दिवसीय माइंड्सप्री कार्यक्रम शुरू हुआ। पहले दिन तीन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें दस स्कूलों के छात्रों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दून कैंब्रिज स्कूल की प्राचार्य एचके छाबड़ा, सेंट थॉमस कालेज के प्राचार्य आरवी गार्डनर और सेंट जॉर्ज होम के पूर्व प्राचार्य डब्ल्यू गार्डनर ने किया। समारोह के पहले दिन आयोजित मेगा पोस्ट प्रतियोगिता में टचवुड स्कूल की टीम प्रथम, मेजबान सेंट ज्यूड्स की टीम द्वितीय और इंडियन पब्लिक स्कूल की टीम तीसरे स्थान पर रही। इंडिविजुअल आर्ट प्रतियोगिता कक्षा नौ से 12 में वाइनबर्ग एलन स्कूल मसूरी की शिविका गर्ग प्रथम, दून कैंब्रिज स्कूल के सौरव वर्मा द्वितीय और हिल्टन स्कूल के प्रवेश खत्री तृतीय रहे। कक्षा छह से आठ में सेंट ज्यूड्स की रिया सिंह चौधरी प्रथम, राजा राम मोहन राय एकेडमी के मरिजम आलम द्वितीय और सेंट जोजेफ्स एकेडमी के आदित्य वसंत तृतीय रहे।

### अंग्रेजी शिक्षकों की कार्यशाला 12 से

**देहरादून।** टोफेल की ओर से अंग्रेजी शिक्षकों की क्षमता विकास के लिए 12 अगस्त से कार्यशाला शुरू होने जा रही है। इसके दौरान शिक्षकों के सामने आने वाली समस्याओं का निदान किया जाएगा। इस संदर्भ में संस्था की कार्यकारी निदेशक पामेला ट्रेविस ने बताया कि टोफेल की ओर से आयोजित होने वाली इस कार्यशाला में छात्रों के मूल्यांकन के लिए एक प्रोपेल किट भी दी जाएगी।

## ग्रामीण डाक सेवक भी शामिल हों 7वें वेतन आयोग में

**देहरादून।** अखिल भारतीय ग्रामीण डाक सेवा संघ की दून, टिहरी, उत्तरकाशी यूनियन के सदस्यों ने बुधवार को केंद्र सरकार को ज्ञापन भेजा। घंटाघर स्थित जीपीओ से भेजे गए इस ज्ञापन में उन्होंने ग्रामीण डाक सेवकों को भी 7वें वेतन आयोग में शामिल किए जाने का मुद्दा उठाया। मंडलीय सचिव आनंद सिंह रावत, सचिव राजाराम पांडे का कहना था कि ग्रामीण डाक सेवक के भरोसे ही 89 फीसदी डाक सेवाओं को संचालित किया जा रहा है। वही मनरेगा, डाक बीमा, वृद्धावस्था पेंशन जैसी योजनाओं को आगे बढ़ा रहे हैं। रोज 10 घंटे से भी ज्यादा काम करते हैं, इसके बावजूद उन्हें सब सुविधाएं मुहैया नहीं। 1946 में ग्रामीण डाक सेवकों को पहले वेतन आयोग में शामिल किया गया था। 4वें वेतन आयोग की भी डाक सेवकों को आयोग में रखे जाने की सिफारिश थी, लेकिन इस पर कदम नहीं उठाया गया। ज्ञापन की प्रति वित्त मंत्री अरुण जेटली, संचार मंत्री रविशंकर प्रसाद, सांसद पौड़ी भुवनचंद्र खंडूडी, सांसद अलमोड़ा भगत सिंह कोश्यारी, सांसद हरिद्वार रमेश पोखरियाल निशंक, सांसद नैनीताल अजय टम्टा और सांसद टिहरी माला राज लक्ष्मी शाह को भी भेजी गई। **ब्यूरो**

## रिटायरमेंट की उम्र बढ़ाने की मांग

**देहरादून।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने रिटायरमेंट की उम्र 60 से बढ़ाकर 62 वर्ष करने की मांग की है। परिषद का तर्क है कि राज्य सेवा में भर्ती की उम्र 35 से बढ़ाकर 40 कर दी गई है, इसलिए रिटायरमेंट की उम्र भी बढ़ाई जानी चाहिए। मंगलवार को मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद कर्मचारी नेताओं ने बुधवार को मुख्य सचिव को 18 सूत्री मांगों के संबंध में ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में वेतन विसंगतियों को दूर करने, रिक्त पदों के सापेक्ष विभागीय प्रोन्नति, एनआरएचएम के संविदाकर्मियों को नियमित करने की मांग भी उठाई गई। प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि इन मांगों के संबंध में 6 नवंबर 2013 को तत्कालीन मुख्यमंत्री के समक्ष परिषद से समझौता हुआ था। मुख्य सचिव ने जल्द ही सभी मांगों के समाधान का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में परिषद के प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर प्रह्लाद सिंह, अरुण पांडेय, संजय अग्रवाल, अजय सोलंकी आदि रहे। **ब्यूरो**

## कपिला पशु आहार की गतिविधियों से व्यापारियों को कराया रूबरू




**हरिद्वार।** कपिला कृषि उद्योग लिमिटेड पशु आहार 'कपिला' की 16वीं वार्षिक डीलर्स वार्ता हरिद्वार स्थित होटल में हुई। वार्ता में 11 प्रदेशों से आए डीलर्स और डिस्ट्रीब्यूटर्स शामिल रहे। कंपनी निदेशक सौरभ शिवहरे ने डीलरों से वार्ता में सालभर की व्यापारिक गतिविधियों से रूबरू कराया।

होटल में हुई वार्ता में किसानों, पशु पालकों के लिए कपिला पशु आहार की उपलब्धता, गुणवत्ता से जुड़ी व्यापक चर्चा की। आहार प्रबंधक निदेशक एसएन शिवहरे ने कहा कि कंपनी ने व्यवहारिक कदम उठाकर पशु आहार के कच्चे माल के दामों में बढ़ोतरी का असर पशुओं पर नहीं पड़ने दिया है। वर्तमान में कंपनी के रनिया यूनिट में 1000 टन और तातियागंज यूनिट में 600 टन प्रतिदिन उत्पादन क्षमता के प्लांट आहार निर्माण कर रहे हैं। गुणवत्ता युक्त आहार मिलने से ग्रामीणों की स्थिति मजबूत हुई है। बैठक में पशु पोषण विशेषज्ञ सीएसए, कानपुर डॉ. रामजी गुप्ता ने पशु आहार के महत्व पर प्रकाश डाला। **ब्यूरो**

Powered By : INVERTIS UNIVERSITY BAREILLY
Established by Govt. of U.P. u/s 2F of UGC Act, 1956 vide U.P. Act 22 of 2010.

अमर उजाला लेफ्ट हैण्डर्स विद्यार्थी सम्मान 2014

अमर उजाला हर सवेरे नया जोश नया उजाला

Concept by : Indian Left Handers Club

Online Partner : amarujala.com

क्या हम लेफ्ट हैण्डर्स को सचमुच अनदेखा कर सकते हैं?

लेफ्ट हैण्डर्स ज्यादा रचनात्मक होते हैं
दुनिया का प्रत्येक 10वां व्यक्ति लेफ्ट हैण्डर है
एक शोध के अनुसार लेफ्ट हैण्डर्स की वैचारिक क्षमता बेहतर होती है
लेफ्ट हैण्डर्स की शारीरिक संरचना खेलों के लिए ज्यादा उपयुक्त होती है
दुनिया में सामाजिक बदलाव की दिशा में अधिकतर महत्वपूर्ण कार्य लेफ्ट हैण्डर्स ने किये हैं

अन्तर्राष्ट्रीय लेफ्ट हैण्डर्स दिवस के उपलक्ष्य में अमर उजाला व इंवर्टिस विश्वविद्यालय प्रस्तुत करते हैं लेफ्ट हैण्डर्स विद्यार्थी सम्मान 2014. इस अनूठी पहल के तहत दसवीं व बारहवीं की परीक्षा में उत्तीर्ण होनहार लेफ्ट हैण्डर विद्यार्थियों को सम्मानित किया जायेगा.

आयोजन की तिथि: 13 अगस्त 2014 समय: सांय: 4:00 बजे से
आयोजन स्थल: श्री सत्य साई इंटरनेशनल सेन्टर, प्रगति विहार, भीष्म पितामाह मार्ग, लोधी रोड, नई दिल्ली

यदि आप लेफ्ट हैण्डर विद्यार्थी हैं और आपने उपरोक्त परीक्षाओं में 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये हैं तो आप इस सम्मान को पाने के लिये अर्ह हैं। इस आयोजन में भाग लेने के लिये www.amarujala.com या www.indianlefthanderclub.com से फार्म डाउनलोड कर अपने अंक पत्र की छाया प्रति के साथ अपने निकटतम अमर उजाला कार्यालय में जमा करें।

पंजीकरण की अंतिम तिथि 7 अगस्त 2014 है

अधिक जानकारी के लिये सम्पर्क करें : +91 9675812483, +91 7895386410, +91 8445482988

महत्वपूर्ण जानकारियां : 1. विद्यार्थी का लेफ्ट हेण्डर होना अनिवार्य है। 2. कक्षा 10वीं या 12वीं में जिन विद्यार्थियों ने 60% से अधिक अंक प्राप्त किए विद्यार्थी इस आयोजन में शामिल हो सकेंगे। 3. सभी माध्यम व बोर्ड (UP/CBSE/ICSE) के विद्यार्थी इस आयोजन का हिस्सा बन सकते है। 4. प्रतियोगियों को कार्यक्रम स्थल पर स्वयं के साधन व खर्च से पहुंचना होगा। 5. प्रतियोगिता उ.प्र. व उत्तराखण्ड के दस संस्करणों (आगरा, बरेली, देहरादून, नैनीताल, कानपुर, लखनऊ, वाराणसी, मेरठ, मुरादाबाद, दिल्ली-एनसीआर) केविद्यार्थियों के लिये है। 6. प्रत्येक शहर से मेरिट के आधार पर सिर्फ श्रेष्ठ 20 विद्यार्थियों (10 हाईस्कूल एवं 10 इण्टर) को अन्तिम आयोजन में भाग लेने हेतु चयनित किया जायेगा। अर्थात कुल 10 शहरों में से 200 (20 विद्यार्थी प्रत्येक शहर) विद्यार्थियों को नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया जायेगा। 7. प्रतियोगिता में भाग लेने वाले अन्य सभी विद्यार्थियों को भी प्रशस्ति-पत्र दिया जायेगा, जिसे प्रतिभागी अपने निकटतम अमर उजाला कार्यालय से दिनांक 16 अगस्त से 30 अगस्त 2014 तक समय प्रातः 10 से सायं 5 बजे के मध्य प्राप्त कर सकते हैं।